
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड में 13 और 14 को हिमस्खलन की आशंका, सतर्क रहने के निर्देश

## मैदान से लेकर पहाड़ तक मौसम शुष्क रहेगा

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमस्खलन की आशंका है। मौसम विभाग ने गुरुवार और शुक्रवार के लिए एडवाइजरी जारी कर ऊंचाई वाले इलाकों में सतर्क रहने को कहा है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि इस सप्ताह अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी। मैदानों में तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

उत्तराखंड में आने वाले दिनों में मैदान से लेकर पहाड़ तक मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि होने से उच्च हिमालयी क्षेत्र में बर्फ के पिघलने में तेजी आ सकती है। इससे हिमस्खलन की तीव्र आशंका बन रही है। उन्होंने बताया कि हालांकि न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि हो रही है, लेकिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर काफी बढ़ रहा है। इससे दिन गरम हो रहे हैं



और रातें सर्द। उन्होंने सलाह दी कि हिमस्खलन की आशंका के मद्देनजर गुरुवार और शुक्रवार को सैलानी उच्च हिमालय की यात्रा से परहेज करें।

**पश्चिमी विक्षोभ की दूरी से चढ़ रहा पाराः** उत्तराखंड में पहाड़ों से लेकर मैदान तक अधिकतम पारे में तेजी से इजाफा होने लगा है। इसका मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ के दूर होना है। इस समय ताजा पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी ईरान और उसके आसपास साइक्लोनिक अवस्था में है, जो अफगानिस्तान की ओर बढ़ रहा है। अभी इसके उत्तर भारत पहुंचने में समय लगेगा। जिसके चलते यहां मौसम शुष्क होने लगा है।

**हिमस्खलन से पिथौरागढ़ में गई थीं दो जान**: मार्च 2015 में हिमस्खलन से दो जवानों की जान चली गई थी। पिथौरागढ़ स्थित सेना के कुमाऊं स्काउट्स की सियालेक सीमा चेकपोस्ट पर हिमस्खलन हो गया था। जिसके चलते हादसे में दो जवानों की मृत्यु हो गई थी और एक अन्य लापता हो गया था। तब वहां तैनात कुल आठ जवानों में से पांच को सुरक्षित बचा लिया गया था।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया उत्तराखंड में हिमस्खलन की आशंका है। इन दिनों उत्तराखंड का मौसम बेहद शुष्क बना हुआ है और लगातार अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसे में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तेज से कच्ची बर्फ पिघलने से हिमस्खलन की तीव्र संभावना बन रही है। हिमालयी क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

## न्यूज डायरी

### निजी स्कूल के खिलाफ छात्रों का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। बल्लीवाला फ्लाईओवर के निकट एक निजी स्कूल पर डीएवी पीजी कॉलेज के छात्रों ने अवैध पार्किंग बनाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में बुधवार को छात्रों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। डीएवी पीजी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शुभम सिमल्टी ने कहा कि स्कूल के अवैध पार्किंग बनाने से मुख्य सड़क पर जाम की समस्या बनी रहती है। जिसके कारण यातायात प्रभावित होने से आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कहा कि बल्लीवाला फ्लाईओवर पर कई सड़क दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**संवाददाता** विकासनगर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हरिपुर में आत्म सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जुडो और कराटे प्रशिक्षण में छात्राएं उत्साह दिखा रही हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सरीता भट्ट ने बताया कि विद्यालय में जनवरी माह से 45 दिवसीय जुडो–कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ओकिनाना कोशिकी गोजू रयू कराटे दो शिरेकन संस्था के सदस्य ट्रेन राजू छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखा रहे हैं। बताया कि शिविर में प्रत्येक दिन करीब एक घंटे छात्राओं को आत्म सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका लाभ छात्राओं को किसी भी मुसीबत की घड़ी में प्राप्त होगा। उन्होंने ट्रेनर राजू के प्रयासों की भी प्रशंसा की। साथ ही छात्राओं से प्रशिक्षण शिविर का बढ़चढ़ कर लाभ उठाने की अपील की है।

### बास्केटबाल टूर्नामेंट आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। आईसीएफएआई यूनीवर्सिटी में अमेरिका के प्रसिद्ध बास्केटबाल खिलाड़ी कोबे ब्रायंट की याद में बास्केटबाल टूर्नामेंट आयोजित हुआ। प्रतियागिता में कोर्ट नाइट्स और ब्रूड बीस्ट्स के बीच मुकाबला हुआ। इसमें कोर्ट नाइट्स की टीम विजेता बनी। टीम के कप्तान आदित्य कुमार थे, जबकि ब्रूड बीस्ट्स के कप्तान प्रतीक कश्यप थे। विजेता टीम को डा. उचित कपूर और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ब्रिगेडियर राजीव सेठी ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रोफेसर अवनीश भट्ट, छासंघ अधिपति प्रतीक गर्ग आदि मौजूद रहे।

## सीएम ने आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का निरीक्षण



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत बुधवार को सचिवालय स्थित राज्य आपदा परिचालन केन्द्र पहुंचे। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र में रासायनिक आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने आपदा जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए इस प्रकार की मॉक ड्रिल को आवश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि समय–समय पर इस प्रकार के अभ्यास से कार्यक्षमता में भी सुधार होता है। इससे आपदा जैसी परिस्थितियों में कुशलता पूर्वक आपदा राहत पहुंचायी जा सकती है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिंह एवं सचिव आपदा अमित नेगी भी उपस्थित थे।

## शीशमबाड़ा कूड़ा निस्तारण केन्द्र को एनओसी न दिये जाने की मांग

**ज्ञापन**

प्रदूषण विभाग में धरना देकर सदस्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया गया




धरना–प्रदर्शन करते लोग।

देहरादून। **संवाददाता**

शीशमबाड़ा कूड़ा निस्तारण केन्द्र को एनओसी न दिये जाने की मांग को लेकर आज क्षेत्रवासियों द्वारा आईटी पार्क स्थित पर्यावरण और प्रदूषण विभाग में धरना देकर सदस्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि शीशमबाड़ा गांव में नगर निगम द्वारा जो कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाया गया है उसमें मानकों को पूर्णतया ताक पर रखा गया है। कहा गया है कि इस निस्तारण केन्द्र से निकलने वाला दूषित पानी भूमिगत जल में मिल रहा है जिससे क्षेत्र में कई बीमारियों ने अपने पैर पसार लिये हैं। कहा गया है कि इस निस्तारण केन्द्र से हवा दूषित हो गयी है जिसके दुष्प्रभाव से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ गया है।

बताया गया है कि पिछले पांच माह से पर्यावरण प्रदूषित होने के कारण सेलाकुई क्षेत्र में कई लोगों की कैंसर से मौत हो चुकी है तथा 6 हजार डेंगू के मरीज होने के साथ ही क्षेत्र में कई अन्य गम्भीर बीमारियांफैल चुकी हैं।

## पीआरएसआई दून चैप्टर के नये अध्यक्ष बने अमित पोखरियाल

**संवाददाता**

देहरादून। पब्लिक रिलशन सोसायटी ऑफ इण्डिया देहरूदन चैप्टर की वार्षिक बैठक का आयोजन होटल पैसेफिक देहरादून में किया गया जिसमें देहरादून चैप्टर के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने बैठक कर सर्वसम्मति से अमित पोखरियाल को देहरादून चैप्टर का अध्यक्ष चुना।

नये अध्यक्ष अमित पोखरियाल ने पीआरएसआई की कार्ययोजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया व आशा जताई कि वह और नवनिर्मित कार्यकारिणी जनसम्पर्क के माध्यम से उत्तराखण्ड को नई पहचान दिलायेंगे। नयी कार्यकारिणी में इसके अतिरिक्त राकेश डोभाल को संयुक्त सचिव, आकाश शर्मा, महश खंकरियाल को विशेष सदस्य नियुक्त किया



पीआरएसआई की वार्षिक बैठक में शामिल पदाधिकारी।

गया है। पूर्व अध्यक्ष विमल डबराल एवं अनिल वर्मा को नशनल काउन्सिल का सदस्य बनाया गया। अन्य पदों पर पूर्व सदस्यों को ही उनके वर्तमान पदों पर ही सर्वसम्मति से चुना गया। सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अमित पोखरियाल और नवनिर्मित पदाधिकारियों को बधाई दी व कहा कि नये अध्यक्ष पी0आर0एस0आई0 का दायरा बढ़ायेगे, ऐसा उनको विश्वास है।

अमित पोखरियाल वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिशद, देहरादून में प्रबन्धक जनसम्पर्क के पद पर कार्यरत् हैं। वर्ष 2007 से 2009 तक तत्कालीन मंत्री, चिकित्सा, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के साथ जनसम्पर्क, मीडिया, प्रेस इत्यादि कार्यों का सफलतापूर्वक निवर्हन किया गया। वर्ष 2009 से 2011 तक तत्कालीन मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के साथ जनसम्पर्क, मीडिया तथा समय–समय पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया गया।

## जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर आवाज बुलंद की

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शाखा सहसपुर की त्रैमासिक बैठक बुधवार को राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश कोठियाल ने की। बैठक में मौजूद शिक्षकों ने उनके द्वारा समय पर आयकर भुगतान के बावजूद आयकर विभाग द्वारा नोटिस भेजने को लेकर नाराजगी जताई गई। डीबीटी के माध्यम से किताबों की धनराशि देरी से मिलने, विद्यालयों में ऑनलाइन कामकाज के बढ़ते दबाव के चलते शिक्षण कार्य में पेश आ रही समस्याओं को हल करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। वक्ताओं ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही सातवें वेतनमान के एरियर का भुगतान करने की मांग की। इसके अलावा प्रोन्नत वेतनमान नहीं मिलने पर आक्रोश प्रकट किया गया। इस दौरान मंत्री सुनील पंवार, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह, संरक्षक राजीव पांथरी, कमलेश्वर जुयाल, सुनील ध्यानी, महेंद्र कल्याण, बीएल वर्मा, बिहारीलाल असवाल, विजय सकलानी, सुमन आदि मौजूद थे।